भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3288

उत्तर देने की तारीख: 09.12.2019

'स्वयं' पोर्टल

†3288. श्री सौमित्र खानः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्वयं पोर्टल में सूचीबद्ध पाठ्यक्रमों और विभिन्न विषयों की संख्या क्या है;

(ख) क्या स्वयं पोर्टल के माध्यम से पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण करने वाले विद्यार्थियों की संख्या और परीक्षा पूरी करने वाले विद्यार्थियों की संख्या में बहुत अंतर है;

(ग) क्या स्वयं प्रभा योजना के तहत 32 मुफ्त शैक्षिक चैनल शुरू किए गए थे;

(घ) क्या इस योजना के प्रति छात्रों में जागरूकता की कमी है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस योजना को प्रोत्साहन देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) और (ख) : स्वयम पोर्टल पर आज की तारीख तक चल रहे पाठ्यक्रमों की कुल संख्या 2867 है। इस पोर्टल पर कवर किए गए विषयों में (i) शिक्षण में वार्षिक पुनश्चर्या कार्यक्रम (अर्पित), (ii) वास्तुकला और आयोजना, (iii) शिक्षा, (iv) इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, (v) मानविकी और कला, (vi) विधि, (vii) प्रबंधन और वाणिज्य, (viii) गणित और विज्ञान (ix) स्कूल शिक्षा शामिल हैं।

पाठ्यक्रम हेतु पंजीकरण कराने वाले छात्रों की संख्या में और परीक्षा देने वाले छात्रों की संख्या में हमेशा अंतर रहता है। कुछ शिक्षार्थी विभिन्न व्यक्तिगत कारणों से पाठ्यक्रम पूरा नहीं करते हैं। साथ ही स्वयम हेतु पंजीकरण भी नि:शुल्क है।

(ग) से (ड.) : जी, हां। मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार 32 नि:शुल्क स्वयम प्रभा शैक्षिक चैनल चला रहा है जो डीडी फ्री डिश के माध्यम से उपलब्ध हैं। इसका शुभारंभ भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा दिनांक 09.07.2017 को डिजिटल पहल पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान किया गया था। एमएचआरडी, यूजीसी और एआईसीटीई द्वारा जागरूकता

उत्पन्न करने के लिए देश भर की शैक्षिक संस्थाओं में नियमित रूप से कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।

*****